सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 266 इंदौर, सोमवार 08 अप्रैल, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## कुबेरेश्वरधाम पर सवा लाख महामृत्युंजय मंत्र का जाप

### पंडित प्रदीप मिश्रा के शीघ्र बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** कुबेरेश्वर धाम में रविवार को शिव चतुर्दशी के पर सवा लाख महा मृत्युंजय मंत्र का जाप आधा दर्जन से अधिक पंडितों की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के शीघ्र बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। बता दें कि इन दिनों जिले ही नहीं पूरे देश में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के अनुष्ठान और यज्ञ-हवन किए जा रहे हैं। रविवार को मंदिर में भगवान शंकर का अभिषेक समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, समीर शुक्ला सहित अन्य ने किया और उसके पश्चात महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पंडित प्रदीप मिश्रा कथा के दौरान कहते हैं कि इस मंत्र का सवा लाख बार निरंतर जाप करने से आने वाले या विद्यमान रोगों और अशुभ ग्रहों के दुष्प्रभाव समाप्त हो जाते हैं, इस मंत्र के माध्यम से हर रोग से बचा जा सकता है। महादेव की होली के दौरान पंडित मिश्रा को सिर पर नारियल लगने से चोट आई थी, लेकिन अब स्वास्थ्य में काफी सुधार है।

## रेलवे फाटक तोड़कर चलती ट्रेन से टकराई कार

### एक की मौत, एक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अनूपपुर।** अनूपपुर जिले में तेज रफ्तार कार रेलवे फाटक तोडक़र चलती ट्रेन से जा टकराई। हादसे में कार ड्राइवर की मौत हो गई जबकि उसका साथी घायल हो गया। ट्रेन के आखिरी तीन कोच को भी नुकसान पहुंचा। इसके चलते वह करीब 7 घंटे अनूपपुर जंक्शन पर खड़ी रही। कोच बदलने के बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। हादसा जैतहरी थाना क्षेत्र में बेलिया फाटक पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हुआ। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। छिंदवाड़ा निवासी नरेंद्र वर्मा जैतहरी के मोजरबियर प्लांट में काम करते थे। शनिवार रात वे अपनी कार से परमेश्वर साहू के साथ अनूपपुर आ रहे थे। इसी दौरान करीब 12 बजे बेलिया फाटक पर कार अनियंत्रित हो गई। वह फाटक तोड़ते हुए ट्रैक से गुजर रही हीराकुंड एक्सप्रेस से टकरा गई। नरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। परमेश्वर को अनूपपुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर उसे बिलासपुर के लिए रेफर कर दिया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अंबिकेश साहू ने कहा, ह्यकार फाटक का बूम बैरियर तोड़ते हुए ट्रेन के आखिरी डिब्बों से टकराई। तीन डिब्बों के ब्रेकिंग सिस्टम का पाइप फट गया।

## हाई-वे के लुटेरे डंपर और माल समेत पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** धनगांव की पुलिस ने हाई-वे के लुटेरे को गिरफ्तार किया है। ब्रिज बनाने वाली कंपनी का लोहा चुराकर यह गैंग भाग गई थी। पुलिस ने इन्हें पकडकर माल भी जप्त कर लिया। ये एक ट्रक में लोहे का सरिया और रिंग चुरा कर फरार हो गए थे। आरोपी पड़ोसी खरगोन जिले के कसरावद थानाक्षेत्र के बताए गए हैं। इनसे सवा क्विंटल लोहे के रिंग जब्त किए। जिस डंपर में रिंग ले गए थे, वह भी पुलिस पकड़ लाई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में भी पेश किया गया। बता दें कि इंदौर इच्छापुर सडक का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। ब्रिज और सडक बनने के कारण सब तरफ लोहा, सीमेंट और अन्य संसाधन पड़े हुए हैं। इन आरोपियों ने सुनसान देखा और राजस्थान पासिंग डंपर में लोहा भरकर फरार हो गए थे। शिकायत के मुताबिक हाईवे में निर्माणाधीन भूतिया नदी के पुल से चोरी की रिपोर्ट केदारेश्वर इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के सुपर वाइजर संतोष पिता गणपत राव मादणीकर ने कराई थी। थाना धनगाँव में रिपोर्ट लिखाया कि उसके साइड में कुछ लोग डंपर वाहन क्र आरजे 09 जीडी 9188 लगाकर लोहे की सरिया की रिंग चुराकर ले गए थे।



# सोमवती अमावस्या-नदियों में स्नान को पहुंचे लाखों श्रद्धालु

### नींबू-तलवार लेकर लगाई डुबकी, ओंकारेश्वर, उज्जैन और नर्मदापुरम में अलसुबह से भीड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम/उज्जैन।** चैत्र माह की अमावस्या (सोमवती अमावस्या) के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने नर्मदापुरम, ओंकारेश्वर, उज्जैन में नदियों में स्नान किया। सोमवार तडक़े से ही नर्मदा के सेठानी और दूसरे घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। उज्जैन में शिप्रा के तट पर भी श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान कर पूजन किया। सुबह 9 बजे के बाद भीड़ कुछ कम हुई। 9 अप्रैल से हिंदू नववर्ष, नए विक्रम संवत, नवरात्रि की शुरुआत होगी।

चैत्र अमावस्या को कुछ क्षेत्रों में भूतड़ी अमावस्या भी कहा जाता है। सोमवार को अमावस्या होने से स्नान का महत्व और बढ़ गया। तंत्र साधकों ने भी पूजन किया। इटारसी, हरदा, बैतूल और आसपास के शहरों से लोग स्नान के लिए नर्मदापुरम आए।

अमावस्या पर गंगा, शिप्रा, यमुना, नर्मदा जैसी सभी पवित्र नदियों में स्नान करने की भी परपंरा है। अपने शहर में या शहर के आसपास कोई नदी हो तो वहां स्नान कर सकते हैं। अगर नदी में स्नान करना संभव न हो तो घर पर पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। स्नान करते समय सभी तीर्थों का और पवित्र नदियों का ध्यान करना चाहिए। स्नान के बाद नदी किनारे जरूरतमंद लोगों को धन और भोजन का दान करें। नदी किनारे नहीं जा पा रहे हैं तो घर के बाहर ही दान-पुण्य करें।

अमावस्या पर अपने इष्टदेव की विशेष पूजा जरूर करें। किसी गौशाला में गायों की देखभाल के लिए धन का दान करें। शिवलिंग पर जल-दूध चढ़ाकर अभिषेक करें। चंदन का लेप करें। बिल्व पत्र, धतूरा, हार-फूल चढ़ाएं। मिठाई का भोग लगाएं। ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करते हुए धूप-दीप जलाएं और आरती करें।

अमावस्या महालक्ष्मी की विशेष पूजा करनी चाहिए, क्योंकि अमावस्या तिथि पर ही देवी समुद्र से प्रकट हुई थीं। देवी लक्ष्मी और विष्णु जी का अभिषेक केसर मिश्रित दूध से करें। तुलसी के साथ मिठाई का भोग लगाएं। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। धूप-दीप जलाएं।

### चैत्र मास की अमावस्या पर सूर्य ग्रहण भी

सोमवार, 8 अप्रैल को चैत्र मास की अमावस्या पर सूर्य ग्रहण हो रहा है। भारतीय समय अनुसार 8 और 9 अप्रैल के बीच रात में सूर्य ग्रहण होगा। ये ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा, इस वजह से सूतक भी नहीं रहेगा। सोमवार, अमावस्या और सूर्य ग्रहण का योग धर्म-कर्म के नजरिए से बहुत खास है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, 8 अप्रैल का ग्रहण भारतीय समय के अनुसार रात 9.12 बजे शुरू होगा और 2.22 बजे खत्म होगा। ये ग्रहण अमेरिका, ग्रीन लैंड, मैक्सिको, कनाडा आदि देशों में दिखाई देगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देगा।

# श्री रणजीत हनुमान मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया

## भक्तों ने चमकाया मंदिर का कोना-कोना, अफसरों ने भी की साफ-सफाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर के प्रमुख आस्था के केंद्र श्री रणजीत हनुमान मंदिर में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंदिर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत भक्तों ने श्रमदान किया और मंदिर के कोने-कोने की सफाई की। इस मौके पर मंदिर प्रशासक विनोद राठौड़, स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह एवं नायब तहसीलदार योगेन्द्र सिंह राठौड़ ने भी श्रमदान किया। श्रमदान के वक्त मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास, राजेंद्र शर्मा के साथ ही अन्य कई श्रद्धालु मौजूद थे।



इस दौरान राठौर और सिंह ने मंदिर के पुजारी पं. व्यास और भक्त मंडली के साथ बैठक कर विचार-विमर्श भी किया। इस दौरान राम नवमी महोत्सव सहित आगामी सभी कार्यक्रमों के लिए तैयारी करने के लिए कहा। इसके साथ ही भक्तों को आगामी कार्यक्रम के लिए मेहनत एवं भक्ति-भाव से एकजुट होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साफ सफाई में युवाओं ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। महिलाएं भी मंदिर की मूर्तियां और वेदी साफ करने में जुटी रहीं। इसके साथ ही मंदिर का फर्श, सीढ़ियां और रैलिंग भी चमकाई गई।

# रोड नहीं तो वोट नहीं

## साइक नहीं बनने से रहवासियों ने किया प्रदर्शन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अमृत पैलेस कॉलोनी में रोड नहीं बनने से रहवासियों में रोष है। रविवार को उन्होंने कॉलोनी की मुख्य सड़क पर पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समस्या का समधान नहीं हुआ तो वे लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेंगे।**

रहवासियों ने एकजुट होकर अपनी गहरी नाराजगी जताई और प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि नगर निगम ने मुख्य सहित अन्य सड़कों का निर्माण नहीं किया। 2023 में मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने भूमि पूजन किया था। इसके बाद अधिकारियों ने रुचि नहीं ली। कई बार मांग की लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया। रहवासियों ने 'नो रोड, नो वोट' के नारे लगाए। इसके साथ ही पूरी कॉलोनी में विभिन्न पोस्टर्स चिपकाए गए हैं। इन पर लिखा है कि चुनावी समय पर बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, बाद में किसी का ध्यान नहीं जाता। उनका कहना है कि उन्हें बेहतर सड़क चाहिए।

# निगम कमिश्नर ने किया बिजासन माता मंदिर परिसर का निरीक्षण

## चैत्र नवरात्रि को लेकर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने रविवार को बिजासन माता मंदिर,परिसर सहित टेकरी के आसपास निरीक्षण किया। 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि पर्व की शुरूआत हो रही है। बिजासन माता मंदिर में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने सफाई व्यवस्था सहित भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।**

श्रद्धालुओं के लिए गर्मी को देखते हुए पर्याप्त रूप से पीने का पानी, छाया के टेंट, कारपेट बिछाने आदि आवश्यक प्रबंध करने और व्यवस्था बनाने के लिए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम लगाने के लिए कहा है। सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे के साथ ही साफ सफाई करने के संबंध में भी निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान मार्ग पर ब्लॉक टूटे हुए होने पर ब्लॉक बदलने, पार्किंग व्यवस्था, पार्किंग के बोर्ड आदि लगाने के भी कमिश्नर ने कहा है। इस दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर,अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, डीआर लोधी, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अखिलेश उपाध्याय, जोनल अधिकारी विनोद अग्रवाल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# इंदौर प्रीमियर को-आपरेटिव के कर्मचारियों, अधिकारियों को मिलता रहेगा बढ़ा हुआ वेतन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर प्रीमियर को-आपरेटिव बैंक के कर्मचारियों व अधिकारियों को बढ़ा हुआ वेतन मिलता रहेगा। मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने पंजीयक सहकारिता विभाग के आदेश को निरस्त कर दिया है।

कर्मचारी और अधिकारी एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील सातवकर ने बताया कि बैंक द्वारा लाभ के आधार पर कर्मचारियों के वेतन में पेट्रोल खर्च 100 रुपये से बढ़ाकर 25 लीटर पेट्रोल के मूल्य बराबर तथा चिकित्सा व्यय 200 से बढ़ाकर दो हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने का प्रस्ताव 30 अप्रैल 2022 को प्रस्तुत किया गया था। इसे संयुक्त पंजीयक द्वारा 24 नवंबर 2022 को अनुमोदित कर दिया गया था। इसी प्रस्ताव के हिसाब से कर्मचारियों-अधिकारियों को भुगतान किया जा रहा था। जून 2023 में संयुक्त पंजीयक आयुक्त कार्यालय भोपाल ने संयुक्त पंजीयक के 24 नवंबर 2022 को अनुमोदित आदेश को निरस्त करते हुए बढ़े हुए वेतन का भुगतान रोक दिया। इसे चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में याचिका प्रस्तुत की गई। इसमें कहा कि सहकारिता अधिनियम की धारा 2.12 के अनुसार संयुक्त पंजीयक की शक्ति पंजीयक के समान ही होती है। राज्य शासन ने क्षेत्रानुसार 23 अक्टूबर 2010 को 10 क्षेत्रों में संयुक्त पंजीयक अधिसूचित किए हैं। इसमें इंदौर क्षेत्र भी शामिल है। धारा 3(2) के अनुसार संयुक्त पंजीयक को पंजीयक की शक्ति प्राप्त है तथा उनके द्वारा पारित आदेश को पंजीयक का आदेश ही माना जाएगा, लेकिन संयुक्त पंजीयक आयुक्त कार्यालय ने संयुक्त पंजीयक इंदौर के आदेश को निरस्त कर दिया। इस पर कोर्ट ने आयुक्त के आदेश को निरस्त कर कर्मचारियों की रोकी गई वेतन बढ़ोतरी के भुगतान के निर्देश जारी किए।

# आयुष विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महू विकासखंड के शासकीय आयुर्वेद औषधालय गवली पलासिया, धारनाका, बडगोंदा, दतोदा, चोरल ने शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के साथ मानपुर ब्लॉक के ग्रामों यशवंत नगर, खेड़ी सिहोद में चिकित्सा परामर्श एवं औषधी वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. नेहा भाना, डॉ. सोनम तिवारी, डॉ. प्रिया वर्मा, डॉ. सीमा आर्य, डॉ. रागिनी शिवहरे, लता गलांडे, चंद्रशेखर बंसल, नितिन बोरासी, संदीप सांगले, अंजली गौतम ने सेवाएं प्रदान की। रक्ताल्पता के लिए इंदौर विकासखंड में शासकीय आयुर्वेद औषधालय टिगरिया बादशाह ने नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन इंदौर शाखा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ मूक बधिर स्कूल स्कीम नंबर 71 के बच्चों में असंचारी रोग रक्ताल्पता के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श औषधी वितरण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. राकेश गुप्ता, रचना निगम, रितु रामपुरी, पवित्रा धारविया ने सेवाएं प्रदान की।

# क्रिटिकल बूथों पर तैनात किये जायेंगे माइक्रो आब्जर्बर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने वेबकास्टिंग या सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखने के अलावा प्रत्येक क्रिटिकल बूथ पर माइक्रो आब्जर्बर भी तैनात करने के निर्देश दिये हैं । निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि गैर सीएपीएफ ( केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) उपायों में एक के रूप में माइक्रो आब्जर्बर को भी मतदान के दिन महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों के लिये नियुक्त किया जा सकता है।**

निर्वाचन आयोग के निदेशों के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर क्रिटिकल बूथों पर मतदान के दिन की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगा। उनका कार्य यह देखना है कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और स्वतंत्र रीति से चले तथा मतदान प्रक्रिया दूषित न हो । निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक के निरंतर सम्पर्क में रहेंगे तथा मतदान को प्रभावित करने सकने वाली प्रत्येक गतिविधि की सूचना सीधे मोबाइल फोन या वायरलेस या संचार के अन्य किसी साधन से सामान्य प्रेक्षक को देंगे। मतदान समाप्ति के बाद माइक्रो आब्जर्बर निर्धारित प्रारूप में अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सामान्य प्रेक्षकों को ही सौपेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि माइक्रो आब्जर्बर केंद्र शासन के या केंद्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारियों को बनाया जा सकेगा। ये कर्मचारी ग्रुप सी से निम्न नहीं होंगे। ऐसे कर्मचारी माइक्रो आब्जर्बर के रूप में अपने निवास के जिले में मतदान केंद्रों पर नियुक्त किये जा सकेंगे। ऐसी स्थिति में जहाँ जिले में माइक्रो आब्जर्बर के रूप में नियुक्त करने के लिये पर्याप्त संख्या में केंद्र शासन अथवा केन्द्र शासन के उपक्रमों के कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं, वहां पड़ोसी जिलों में पदस्थ भारत सरकार या केंद्रीय उपक्रमों के कर्मचारियों को माइक्रो आब्जर्बर बनाया जा सकेगा।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक माइक्रो आब्जर्बर को मतदान सबंधी नियमों एवं प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्हें प्रेक्षण के कार्य जो उनसे अपेक्षित हैं तथा रिपोर्ट जो उनके द्वारा प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है उसके तरीके के बारे में भी प्रशिक्षित किया जायेगा। आयोग ने कहा है कि माइक्रो आब्जर्बर को मतदान के दिन 90 मिनट पहले मतदान केंद्रों पर पहुंचना होगा। माइक्रो आब्जर्बर मतदान केंद्रों पर मतदान की तैयारियों, मतदान केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं तथा मॉक पोल से लेकर वास्तविक मतदान शुरू होने एवं मतदान खत्म होने तक की पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। वे मतदान के दिन निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक से लगातार संपर्क में रहेंगे और सीधे उन्हें ही अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक क्रिटिकल बूथों पर माइक्रो आब्जर्बर की तैनाती में यह ध्यान में रखना होगा कि जिस निर्वाचन क्षेत्र के निवासी हैं, उन्हें उसकी बजाय दूसरे निर्वाचन क्षेत्र में तैनात किया जाये। मतदान कर्मियों की तरह माइक्रो आब्जर्बर की मतदान केंद्र पर तैनाती भी रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया से होगी। उन्हें भी डाकमत पत्र अथवा इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट से मतदान की सुविधा दी जायेगी।

# संगमनगर अयोध्याधाम में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए ध्वजारोहण के साथ भूमिपूजन

## संगीतमय भजन कीर्तन के साथ यज्ञ में आहुतियां दी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पूर्वी क्षेत्र में आध्यात्म की अविरल धारा में संगमनगर (अयोध्याधाम) में अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 14 से 17 अप्रैल तक होने जा रहे 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ हुआ।**

गायत्री परिवार के मधुसूदन गीते अपनी टोली में गीतांश दसोरे (तबला) एवं सूरज शर्मा (हारमोनियम) के साथ 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए संगीतमय भजन कीर्तन के साथ गायत्रीजी की आरती और ध्वजारोहण के साथ भूमिपूजन हुआ। यज्ञ में गोविंद पवार, वीरसिंह यादव, ओ के दुबे, विद्या राजपूत, अभिषेक वाजपेई, पत्रकार राजेश यादव, प्रभाकर कोहेकर शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व महापौर डा. उमाशशी शर्मा, डा. सन्तोष शर्मा, पूर्व पार्षद सुरेंद्र वाजपई आदि भी उपस्थित हुए।

गायत्री परिवार के सभी उपस्थित जनों ने संगीतमय भजन कीर्तन के साथ यज्ञ में आहुतियां दी और वेदमाता गायत्री की जय के साथ उदघोष किया। गायत्री परिवार इंदौर जिले के प्रभारी रामलखन पाल, प्रभाकर कोहेकर, कार्यक्रम के संयोजक राजमल शर्मा, कार्यक्रम सह संयोजक वीरसिंह यादव, पार्षद पराग कौशल, वार्ड प्रभारी गोविंद पवार ने बताया कि गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव के लिए भूमि के साथ ही अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 14 से 17 अप्रैल तक 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव के लिए प्रसावित शोभायात्रा के लिए मातृशक्तियो को कलश दिए गए। यहा विविध कार्यक्रमों के दिव्य विधान के अनुक्रम में दीप प्रज्वलन, युग संगीत एवं भूमिपूजन किया गया। मीडिया प्रभारी राजेश यादव,कोषाध्यक्ष रामनारायण कुशवाह, बृजेश नागर, राजा भैया शर्मा, ओके दुबे, सचिन पाल ने बताया है कि समस्त क्षेत्रीय रहवासीगण एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रतिदिन घर घर सम्पर्क, जन जागरण एवं प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

### पति से अलग रह रही थी महिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमआईजी पुलिस ने एक रेप के मामले में केस दर्ज किया है। आरोपी ने पति से अलग रह रही महिला को अपने साथ रखा ओर फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप करता रहा। बाद में पीड़िता को धमकी देकर चले गया। पुलिस ने मामले में कारवाई की है। एमआईजी पुलिस के मुताबिक 27 साल की पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने कमल पुत्र गिरधारी लाल मिमरोट के खिलाफ रेप करने ओर धमकाने के मामले में केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि वह हाउस कीपिंग का काम करती है। उसकी शादी 2012 में हुई। पति से एक बेटा हुआ। करीब चार साल तक पति के साथ रही। पति आए दिन विवाद करता। इसके बाद माता पिता के यहां रहने आ गई। 2019 में कमल से संपर्क हुआ। उसने बातो में लेकर दोस्ती कर ली। इसके बाद अलग कमरे में रहने चली गई। कमल ने कहां कि वह उससे शादी कर लेगा। बाद में पता चला कि कमल शादी शुदा है। उसने कहां कि पत्नी को तलाक देकर वह शादी करेगा। इसके बाद कमल ने कमरा खाली करवाया ओर इलाके में ही दूसरी जगह रूम दिलवा दिया। यहां भी अपनी मर्जी के हिसाब से आता ओर संबध बनाकर चले जाता। जब भी शादी की बात करती तो टाल देता। कुछ दिन पहले कमल से शादी को लेकर बात की तो उसने जान से मारने की धमकी दी ओर कहां कि अब में जा रहा हूं। मिलने की कोशिश की तो बेटे ओर तेरी जान से हाथ धोना पड़ेगा। मामले की जानकारी माता पिता को दी। पुलिस ने मामले में कमल को आरोपी बनाया है।

## निर्वाचित प्रतिनिधि नहीं बन सकेंगे उम्मीदवारों के मतदान एवं मतगणना एजेंट

**इंदौर**। भारत निर्वाचन आयोग ने किसी निर्वाचन में केन्द्र व राज्य सरकार के मंत्रियों और सांसदों, विधानसभा एवं विधान परिषदों के सदस्यों तथा राज्य का सुरक्षा कवर प्राप्त किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने पर रोक लगाई है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ रहने वाले सुरक्षा कर्मियों को मतदान केन्द्र एवं मतगणना केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती है और न ही उनकी सुरक्षा को उनके सुरक्षा कर्मियों की अनुपस्थिति में खतरे में डाला जा सकता है। आयोग के मुताबिक सुरक्षा कवर वाले किसी व्यक्ति को निर्वाचन अभिकर्ता, मतदान अभिकर्ता एवं मतगणना अभिकर्ता बनाने के लिए सुरक्षा कवर वापस करने की अनुमति भी नही दी जा सकती है।

## मीडिया कार्यशाला का आयोजन 9 को

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार, 9 अप्रैल 2024 को शाम 5 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक 102 में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में निर्वाचन अवधि में एमसीएमसी के तहत पेड न्यूज, राजनैतिक विज्ञापनों के प्री-प्रमाणन, प्रिंटिंग प्रेसों द्वारा बरतने वाली सावधानियों सहित भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न दिशा-निदेर्शों एवं नियमों से अवगत कराया जायेगा। इस कार्यशाला में सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया/न्यूज चैनल्स/केबल ऑपरेटर्स/समाचार पत्र/एफएम रेडियों के संचालक/प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इनसे आग्रह किया गया है कि वे निर्वाचन से जुड़ी इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में अवश्य शामिल होंवे।

## गर्भवती को दहेज के लिए सताया

इंदौर। एक नव विवाहिता ने अपने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताडित करने का आरोप लगाया है। ससुराल वाले उससे कार मांग रहे थे। पीडिता का आरोप है कि वह गर्भवती हुई तो उसे खाने-पीने तक को नहीं दिया गया। गांधीनगर थाने में फरियादी नम्रता शर्मा निवासी बी एल एन सीटी गांधीनगर की शिकायत पर आरोपी प्रिंस शर्मा, मधुबाला शर्मा, सुभाष शर्मा, अतुल बिल्लोरे, त्रिलोक पाठक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी प्रिंस शर्मा नम्रता का पति है, जबकि मधुबाला और सुभाष उसके सास ससुर है। नम्रता का कहना है की शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे लगातार कार के लिए प्रताडित कर रहे थे। अपने मायके से दहेज में कार लाने की मांग की जा रही थी। नम्रता ने कहा कि परिवार वालों की हैसियत नहीं है तो उसके साथ अमानवीय व्यवहार होने लगा। पीडिता का आरोप है की वह गर्भवती हुई तो ससुराल वालों ने उसका ध्यान नहीं रखा। उसे खाने-पीने तक को कुछ नहीं देते थे । इसके बाद उसे घर से निकाल दिया। मायके में उसकी डिलीवरी हुई तो ससुराल वाले उसे देखने तक नहीं आए आहत होकर अब उसने पुलिस की शरण ली है।



# अदरक की खेती से बड़वानी के किसानों की हो रही है अलग पहचान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी। एक जिला एक उत्पाद के तहत बड़वानी जिले में अदरक का चयन किया गया है। बड़वानी जिले के ग्राम तलवाड़ा बुजुर्ग के किसान एवं एफपीओ नेचर टू अर्थ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर चौहान बताते है कि उनके एफपीओ में क्षेत्र के करीब 300 से अधिक किसान जुड़े हुए है, जिनमें से अधिकतर किसान अदरक की खेती करते हुए अधिक मुनाफा कमा रहे है। वे बताते है कि अदरक एक ऐसी फसल है जिसे किसान बाजार में अच्छा भाव आने पर विक्रय कर सकता है। अगर बाजार में भाव कम है तो अदरक को जमीन में या घर पर स्टोर करके रखा जा सकता है, तथा भाव आने पर उसे विक्रय करके अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है।**

वे बताते है कि इस वर्ष उनके ग्राम के एक कृषक गोपाल परिहार ने 8 एकड़ में अदरक की फसल लगाई जिससे उन्हे प्रति एकड़ अदरक की उपज लगभग 110 क्विंटल प्राप्त हुई। अदरक की फसल को उन्होने आस-पास के स्थानीय मार्केट में विक्रय करके 7-8 लाख रुपये प्रति एकड़ का मुनाफा प्राप्त किया है। अदरक की फसल अधिक पानी की फसल होकर 210 दिवस में उत्पादन देती है। इस फसल को जून माह से लगाया जाता है तथा दिसम्बर से मार्च के बीच में इस फसल को 210 दिन पूरे होने के बाद कभी भी निकालकर विक्रय किया जा सकता है। अदरक की फसल कंदमूल की फसल होने से इस फसल पर अधिक मात्रा में कीटनाशक का स्प्रे या अन्य कोई दवाई का छिड़काव करने की आवश्यकता नही होती है।

चन्द्रशेखर चौहान का कहना है कि उनके साथी किसान और वे स्वयं पहले परंपरागत फसलों की ही खेती करते थे। परन्तु एक जिला एक उत्पाद में अदरक का चयन होने से उन्होने एवं उनके किसान साथियों ने अदरक की खेती करने का सोचा और उन्हे इस बात की खुशी है कि अदरक की खेती से अच्छा लाभ किसानों को प्राप्त हो रहा है। एफपीओ के अध्यक्ष होने के नाते वे किसानों को संदेश देते है कि किसान भाई परंपरागत खेती के साथ-साथ कृषि एवं उद्यानिकी की अन्य फसलों को भी अपनाये। एक बार नई फसल को अगर किसान खेती करते है तो उसे दो से तीन वर्ष तक निरंतर करते रहे। हो सकता है शुरूआत में थोड़ा नुकसान हो पर निरंतर फसल लेने से बाजार के उतार चढ़ाव में उन्हे निश्चित ही अच्छा मूल्य मिलेगा।

## महाकाल मंदिर में युवतियों ने लेडी गार्ड को पीटा

### मंदिर कैंपस में रील बनाने से रोकने पर हाथापाई की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। महाकाल मंदिर परिसर में कुछ युवतियों ने तीन महिला सुरक्षा गार्ड्स को पीट दिया। युवतियां मंदिर के प्रतिबंधित क्षेत्र में रील बना रही थीं। गार्ड ने जब उन्हें ऐसा करने से मना किया तो वे हाथापाई करने लगीं। मामला शनिवार का है। देर रात आरोपी युवतियों पर महाकाल थाने में एफआइआर दर्ज कराई गई है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।**

### नागदा की दो युवतियों समेत अन्य पर एफआइआर

महाकाल थाना पुलिस ने शनिवार रात गार्ड शिवानी पुष्पद की शिकायत पर मारपीट करने वाली नागदा निवासी पलक चौहान, परी चौहान और अन्य के खिलाफ धारा 323, 294, 506 और 34 के तहत केस दर्ज किया है। एफआइआर- में लिखा- शिवानी पुष्पद, संध्या प्रजापति और संगीता चंगेसिया मंदिर की सुरक्षा संभाल रही क्रिस्टल कंपनी में गार्ड की नौकरी करती हैं। शनिवार को मंदिर में ही उनकी ड्यूटी थी। इस दौरान मंदिर के प्रतिबंधित क्षेत्र में कुछ युवतियां रील बना रही थीं। गार्ड ने जब उन्हें ऐसा करने से मना किया तो वे विवाद करने लगीं। देखते ही देखते चार-पांच लड़कियों-युवतियों ने तीनों महिला सुरक्षा गार्ड से मारपीट शुरू कर दी। पुरुष सुरक्षाकर्मियों ने मौके पर आकर बीचबचाव किया।

# जीतू पटवारी के खिलाफ कोर्ट जाएंगे उज्जैन सांसद

### प्रदेश कांग्रेस चीफ ने कहा था- गडकरी के चैलेंज पर फिरोजिया ने ऑपरेशन से वजन घटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। कांग्रेस चीफ पटवारी ने कहा था कि फिरोजिया ने नितिन गडकरी को झूठ बोला था। उन्होंने वजन मेहनत से नहीं, ऑपरेशन करवाकर घटाया है।**

फिरोजिया चुनाव आयोग से भी पटवारी के इस बयान की शिकायत करेंगे। उन्होंने कहा, ह्यपटवारी झूठ का पुलिंदा हैं। उनके अध्यक्ष बनते ही कांग्रेस के हजारों नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। पटवारी साबित कर दें कि ऑपरेशन से वजन कम किया है तो वे अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। मौजूदा सांसद अनिल फिरोजिया को भाजपा ने दोबारा उज्जैन से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि वे पटवारी को मानहानि का नोटिस भेजेंगे।

### पटवारी ने क्या कहा?

जीतू पटवारी उज्जैन - आलोट संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार महेश परमार के प्रचार के लिए खाचरौद पहुंचे थे। उन्होंने मंच से कहा था, ह्यअनिल फिरोजिया ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कहने पर 30 किलो वजन घटाने की बात कही। फिरोजिया ने दावा किया था कि मेहनत कर वजन घटाया है, लेकिन मैं आपको बताता हूं कि उन्होंने ऑपरेशन करवाकर अपना वजन कम किया था। पटवारी ने आगे कहा,

उज्जैन सांसद और भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया ने 5 साल तक सिर्फ झूठ बोला है। पंडितों का कहना है कि कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार को अनिल फिरोजिया हरा नहीं पाएंगे।

### सांसद बोले- मेहनत से वजन कम किया, इसके बदले उज्जैन को हाईवे मिला

पटवारी के बयान पर सांसद फिरोजिया का कहना है, ह्यकेंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुझे प्रति किलो वजन कम करने पर 1 हजार करोड़ देने का वादा किया था। मैंने मेहनत और आयुर्वेदिक तरीके से 40 किलो वजन कम किया। इस कारण उज्जैन को प्रमुख हाईवे मिला। खाचरोद में 16 करोड़ का काम करवाया है।

# 4 दिन कैद में रहा...मैंने उम्मीद तो छोड़ दी थी

### भोपाल में अगवा हुए शख्स की आपबीती; कहा- खाने में दिए सिर्फ 2 केले, घंटों रखते थे प्यासा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। बदमाशों के कब्जे में बीते चार दिन मैं कभी नहीं भूल सकता। उनकी कैद में नर्क से कम अहसास नहीं हो रहा था। मुझे भूखा-प्यासा रखते थे। 4 दिन में 2 बार दो-दो केले खाने के लिए दिए गए। पानी भी कई-कई घंटे बाद पिलाते थे। मुझे छोड़ने के एवज में लाखों रुपए की मांग करते रहे। मेरे भाई ने जैसे-तैसे 1.47 लाख रुपए उन्हें ऑन लाइन दिए। तब भी मुझे नहीं छोड़ा। मैं उनके चंगुल से छूटने की उम्मीद छोड़ चुका था। तभी शुक्रवार रात को मिसरोद पुलिस ने मुझे छुड़ा लिया। यह तमाम बातें बंधक बनाए गए सिक्योरिटी एजेंसी के कर्मचारी ने कहीं। उन्हें 2 अप्रैल को अगवा किया गया था। 5 अप्रैल की रात पुलिस ने उन्हें सोनागिरी स्थित एक कमरे से मुक्त कराया।**

### लेन-देन भाई का था, बंधक मुझे बनाया गया

अनिल तोमर (49) मिसरोद इलाके के शीतल हाइट्स में रहते हैं। वह प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में जॉब करते हैं। उन्होंने बताया कि मेरा छोटा भाई निखिल इन दिनों इंदौर में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करता है। उसका लेन-देन झारखंड निवासी विभूति कुमार यादव, सुधांशु और पीयूष पांडे से था। आरोपी विभूति से मैं पहले एक बार मिल चुका हूं। अन्य आरोपियों को नहीं जानता हूं...इस बात की भी सही जानकारी नहीं है कि लेन-देन था भी कि आरोपी जबरन वसूली का दबाव बना रहे थे। 2 अप्रैल की दोपहर को मैं अपने दोस्त विवेक से मिलने अवधपुरी गया था। वहां दोस्त नहीं मिला तो उसके घर के बाहर दोस्त अलीम खान के साथ बैठकर बातचीत करने लगा। हम दोनों विवेक का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच विभूति का कॉल आया, उसने मिलने का बोला। जरूरी काम बताया था, मैं मिलने को राजी हुआ, बाइक से विभूति और पीयूष आए, दूसरी बाइक से सुधांशु था। विभूति ने बताया कि पास में मेरा रूम है, वहां चलकर बात करते हैं। मैं राजी हो गया। मुझे बाइक पर बीच में बैठाया गया। इसके बाद आरोपी पिपलानी ले गए, पेट्रोल टैंक के पास एक टर्न आया।

वहां पीछे बैठे युवक ने मेरी आंख पर हाथ रख दिया, जिससे मैं रास्तों को याद नहीं कर सकूं। आरोपी मुझे एक रूम में लेकर पहुंचे, वहां जाते ही मुझे बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। लात घूसों और बेल्ट से पीटा गया। मैं कुछ समझ नहीं पा रहा था...आरोपियों ने बताया कि तुम्हारे भाई से 1.50 लाख रुपए लेना है। तुम्हें तभी रिहा किया जाएगा, जब हमें यह रकम मिलेगी। 2-3 अप्रैल की दरमियानी रात मुझे बेरहमी से पीटा गया। अनगिनत चांटे मारे गए। जिससे मेरे दोनों गाल सूज गए हैं। मेरी पीठ पर बेल्ट मारे गए।

बाद में आरोपियों ने मेरे भाई से वीडियो कॉल पर अपने ही मोबाइल फोन से बात कराई। मेरा मोबाइल उन्होंने रास्ते में ही छीन लिया गया था। आरोपियों ने भाई से मुझे छोड़ने के एवज में रुपए की मांग की। उसने मुझे छोड़ देने की लाख मिन्नतें की, आरोपी नहीं माने। इतना ही नहीं रकम नहीं देने की हालत में मेरी पत्नी और बच्चे तक को किडनैप करने की धमकी। आरोपी ऐसा करने के लिए मेरे घर तक भी पहुंच गए थे। किस्मत से मेरी पत्नी उस समय घर पर नहीं थी। जिस कारण आरोपी उसे अगवा नहीं कर सके।

### जीने की उम्मीद ही खो दी थी

आरोपियों ने मुझे 4 दिन तक बंधक बनाए रखा, इस दौरान मुझे अर्ध नग्न रखा जाता था। खाने पीने तक को नहीं दिया था। आरोपियों ने मुझे केवल दो बार केले खाने के लिए दिए थे। कई-कई बार मांगने के बाद भी घंटों तक पानी पीने को नहीं दिया था। यहां तक की वाश रूम तक नहीं जाने देते थे। मुझे उम्मीद ही नहीं थी कि मैं अब कभी अपने परिवार से मिल सकूंगा। किस्मत से मिसरोद पुलिस ने मुझे मुक्त करा लिया। पुलिस नहीं होती तो शायद मैं कभी अपने परिवार से मिल ही नहीं पाता।

## रतलाम में मृत मिली युवती उज्जैन की रहने वाली थी

### नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी; पुलिस को कुछ दोस्तों पर शक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन/रतलाम।** रतलाम में रूपनगर फंटे के पास जावरा-मंदसौर हाईवे किनारे 2 अप्रैल की सुबह अर्धनग्न अवस्था में मृत मिली युवती की पहचान 5वें दिन शनिवार को हुई। वह उज्जैनजिले केखाचरौद तहसील में गांव नरेड़ीबेरा कीसविता कुंवर राठौर (22) है। घर से मां, भाई-बहन को ये कहकर 7 महीने पहले रतलाम आई थी कि मैं डॉक्टरी की पढ़ाई करने जा रही हूं।

सविता रतलाम में प्री-नर्सिंग और इंग्लिश की कोचिंग कर रही थी। होली पर घर गई थी और रंगपंचमी मनाकर 31 मार्च को ही रतलाम लौटी। 1 अप्रैल की सुबह 10.30 बजे किसी बंसल इंग्लिश कोचिंग पर गई और दोपहर 3 बजे किराए के घर से लापता थी। उसी रात किसी ने हत्याकर शव हाईवे किनारे फेंक दिया। शनिवार को सविता का भाई धीरेंद्र उर्फ युवराज सिंह ताऊ के बेटे लाखनसिंह, मामा व अन्य रिश्तेदारों के साथ उसे ढूंढते हुए रतलाम पहुंचा। सविता रतलाम में श्रीराम मंदिर के पास सखवालनगर में किराए से रहती थी और पास में ही स्थित सुप्रीम नर्सिंग एकेडमी से प्री-नर्सिंग टेस्ट की तैयारी कर रही थी। धीरेंद्र और रिश्तेदारों ने पहले वहां तलाश किया, लेकिन नहीं मिली तो रतलाम आईए थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाने पहुंचे। यहां उन्होंने फोटो दिखाई तो पुलिस ने मृत युवती के फोटो से मिलान किया, इसके बाद शिनाख्त हो सकी।


**पुलिस दफना चुकी थी शव, खोदकर निकाला-** जांच अधिकारी रिंगनोद थाना प्रभारी पीआर. डावरे रतलाम पहुंचे। पहचान कन्फर्म होने के बाद परिजन? की मांग पर एसडीएम राधा महंत के समक्ष शव सुपुर्दगी की अर्जी दी। एसडीएम ने नायब तहसीलदार वैभव जैन को नियुक्त किया, जिनकी मौजूदगी में पुलिस ने जावरा आनंदी हनुमान मुक्तिधाम परिसर में दफनाए सविता के शव को खोदकर निकाला और सुपुर्द के किया।

**पुलिस को कुछ दोस्तों पर ही शक-** युवती की 1 अप्रैल की रात हत्या हो गई, 2 को शव मिला। पुलिस ने भाई धीरेंद्र और परिजन से भी सवाल पूछा कि इतने दिन क्यों लगाए। उन्होंने बताया कि सविता पढ़ाई के चक्कर में मोबाइल बंद रखती थी, इसलिए शक नहीं हुआ। परिजन ग्रामीण परिवेश के होकर नरेड़ीबेरा में थे और संभव है वहां तक सूचना नहीं पहुंची होगी, लेकिन बड़ा सवाल ये है कि रतलाम में युवती दो जगह कोचिंग कर रही थी। उसका फ्रेंड्स सर्कल होगा और तमाम समाचार-पत्र व सोशल मीडिया ग्रुप पर मर्डर के बाद का फोटो वायरल हुआ।

## संपादकीय

# सरकारी तंत्र की विफलता

आज के समय में आर्थिक और अन्य परिस्थितियों की वजह से अगर बच्चे स्कूली पढ़ाई बीच में छोड़ रहे हैं तो एक तरह से यह समूचे सरकारी तंत्र की विफलता है। इसमें विकास में असंतुलन की वजह से एक ऐसा सामाजिक तबका खुद को इस बात के लिए लाचार पा रहा है कि वह अपने बच्चों को स्कूल में बिना बाधा के पढ़ा-लिखा सके। दरअसल देश में शिक्षा की सूरत में सुधार के लिए समय-समय पर की जाने वाली तमाम कवायदों के बावजूद हालत यह है कि बहुत सारे बच्चे बीच में पढ़ाई छोडऩे पर मजबूर हो जाते हैं। खासतौर पर जब किसी राज्य में संसाधनों की कमी न हो, फिर भी बहुत सारे बच्चे स्कूली पढ़ाई बीच में ही छोड़ रहे हों तो यह सोचने की जरूरत है कि नीतियां बनाने और उन्हें अमल में लाने के तौर-तरीकों में क्या खामी है। गौरतलब है कि हरियाणा में जब वर्ष 2023-24 में वार्षिक परीक्षा परिणाम के आधार पर विद्यार्थियों के आंकड़ों को अद्यतन किया गया तो यह दुखद तस्वीर सामने आई कि राज्य के सभी राजकीय स्कूलों में कक्षा पहली से ग्यारहवीं तक में पढऩे वाले चार लाख चौंसठ हजार बच्चों ने बीच में ही पढ़ाई छोड़ दी। अगर इन बच्चों ने पुराने स्कूल को छोडऩे के बाद कहीं और दाखिला नहीं लिया, तो जाहिर है कि उनके पास कोई रास्ता नहीं बचा था। ऐसे बच्चे आमतौर पर अभावों से जूझ रहे परिवारों से आते हैं। यह छिपा नहीं है कि वंचित तबकों के बच्चे कितनी जद्दोजहद से गुजर कर स्कूल के परिसर में शिक्षा हासिल करने के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में अगर राजकीय स्कूलों से इतनी बड़ी तादाद में बच्चे बाहर निकल कर जीवन चलाने के लिए कोई अन्य रास्ता अख्तियार कर रहे हैं तो यह एक अफसोसनाक तस्वीर है। सवाल है कि किसी भी वजह से अगर इतनी भारी संख्या में बच्चे स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर हो रहे हैं तो इसकी जिम्मेदारी किस पर आती है! बीते कई दशक में सबसे ज्यादा जोर इस बात पर रहा है कि दूरदराज तक में स्थित ग्रामीण इलाकों में रहने वाले परिवारों के ज्यादा से ज्यादा बच्चों को स्कूलों में दाखिला कराया जाए। इसका असर भी देखने में आया था।



## ओशो कहिन

**वह इंसान जो भरोसा करता है, वह जिंदगी में आराम करता है। वह इंसान जो भरोसा नहीं करता, वह परेशान, डरा हुआ और कमजोर रहता है।**

## सैर-सपाटा

# दुनियाभर में खूब फेमस हैं देवी दुर्गा के ये मंदिर, यहां भक्तों की मनोकामनाएं होती हैं पूरी

भारत देश में कई ऐतिहासिक जगह हैं और ढेरों मंदिर भी हैं। यहां हर गली-नुकक्ड़ पर एक न एक मंदिर है। हर मंदिर की अपनी मानयता है। कुछ मंदिर ऐसे ऐसे हैं जिनपर भक्तों का पूर्ण विश्वास है। भारत में देवियों के भी अनोकों मंदिर हैं। कई मंदिर तो ऐसे हैं जिन्हें लोग चमत्कारी मानते हैं। ऐसे में इन मंदिरों में भक्तों की भीड़ हमेशा रहती है। चैत्र नवरात्रि भी शुरू होने वाली है। ऐसे में कुछ मंदिरों में भक्तों की खूब भीड़ उमड़ती है। कहते हैं कि इन मंदिरों में जो भी मांगते हैं तो देवी मां सभी इच्छाओं को जरूर पूरा करती हैं। यहां भारत के कुछ फेमस मंदिरों के नाम बता रहे हैं, जहां आप भी दर्शन के लिए एक बार जरूर जा सकते हैं। देखिए-



### भारत में देवी दुर्गा के फेमस मंदिर


1) वैष्णो देवी मंदिर- कटरा, जम्मू और कश्मीर
2) मनसा देवी मंदिर- हरिद्वार, उत्तराखंड
3) चामुंडा देवी मंदिर- पालमपुर, हिमाचल प्रदेश
4) चामुंडेश्वरी मंदिर- मैसूर, कर्नाटक
5) नैना देवी मंदिर- नैनीताल, उत्तराखंड
6) श्री दुर्गा परमेश्वरी मंदिर- कतील, कर्नाटक
7) मां ज्वाला जी मंदिर- कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश
8) करणी माता मंदिर- बीकानेर, राजस्थान
9) कामाख्या मंदिर- गुवाहाटी, असम
10) अम्बा माता मंदिर- जूनागढ़, गुजरात
11) देवी पाटन मंदिर- गोंडा, उत्तर प्रदेश
12) कनक दुर्गा मंदिर- विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश
13) दक्षिणेश्वर काली मंदिर- कोलकाता, पश्चिम बंगाल
14) दुर्गा मंदिर- वाराणसी, उत्तर प्रदेश
15) बनशंकरी मंदिर- चोलचागुड्डा, कर्नाटक

New Delhi

# लोकसभा चुनाव 2019 में 373 सीटों पर हुई थी धांधली? चुनाव आयोग ने बताया EVM का सच

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** साल 2019 में 300 से ज्यादा लोकसभा सीटों पर EVM यानी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए हुए गलत मतगणना के दावे को ECI ने फर्जी करार दिया है। भारत निर्वाचन आयोग का कहना है कि कुल मतदाताओं और डाले गए मतों की संख्या में कोई बेमेल नहीं है। एक वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा था कि कई सीटों पर मतों और मतदाताओं की संख्या में अंतर पाया गया था।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर शेयर किए जा रहे हैं वीडियो में नजर आ रहा शख्स दावा कर रहा है, '543 में 373 लोकसभा में जितने लोगों ने वोट डाले उससे ज्यादा वोट निकले। सबूत के साथ कह रहा हूं कि 373 लोकसभा में घोटाला हुआ।' इस दौरान शख्स यह भी दावा कर रहा है कि मतदाताओं और मतों की बेमेल संख्या को लेकर चुनाव आयोग ने 'लिखकर' भी दिया है।



वीडियो में नजर आ रहा शख्स दावा कर रहा है कि साल 2019 लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट पर 11 लाख लोगों ने वोट डाले। वह दावा कर रहे हैं कि ईवीएम से 12 लाख 87 हजार वोट निकले।

चुनाव आयोग का कहना है, 'लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान वाराणसी सीट में ईवीएम में मतदाताओं और मतों की संख्या में मेल नहीं होने का झूठा दावा किया गया है।' आयोग ने कहा, 'यह दावा झूठा है। वाराणसी सीट पर मतदाता 18 लाख 56 हजार 791 थे। कुल डाले गए वोट और ईवीएम से निकले वोट 10 लाख 58 हजार 744 थे। पोस्टल वोट 2085 थे।'

New Delhi

## KCR की बेटी कविता की जमानत याचिका खारिज, दिल्ली शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद केसीआर की बेटी के कविता की जमानत याचिका खारिज हो गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने आज मामले में सुनवाई में यह फैसला सुनाया। बीआरएस एमएलसी के कविता ने अपने बेटे की स्कूल परीक्षाओं को आधार बनाकर अंतरिम जमानत मांगी थी। बता दें कि शराब घोटाला मामले में वो ईडी की रिमांड के बाद न्यायिक हिरासत में हैं।

इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले की आरोपी के कविता की अंतरिम जमानत याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई कर ली थी। कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। आज अदालत ने कविता की जमानत अर्जी खारिज कर दी। बता दें कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में हाल ही में दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है। इससे पहले मनीष सिसोदिया, सतेंद्र जैन की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। हालांकि कुछ दिन पहले आप नेता संजय सिंह जमानत पर बाहर आए हैं।

कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के कविता ने शनिवार को सीबीआई पूछताछ के खिलाफ अदालत का रुख किया। के कविता ने सीबीआई को पूछताछ की दी गई अनुमति वापस लेने का अनुरोध किया है। बता दें कि शराब नीति मामले में भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई कर रही है।

New Delhi

## दिल्ली के तिमारपुर में सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं दिया तो दो किशोरों ने चाकू से गोदकर ले ली जान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर (Timarpur) इलाके में दो लड़कों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी. पुलिस के मुताबिक हत्या के पीछे की वजह यह थी कि उसने उन्हें सिगरेट जलाने के लिए माचिस देने से इनकार कर दिया था. दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है. पुलिस के मुताबिक, शनिवार को तिमारपुर पुलिस स्टेशन में चाकू मारने की घटना के संबंध में एक PCR कॉल आई थी. एजेंसी के मुताबिक पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एमके मीना ने कहा कि मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम ने पाया कि एक ऑटोरिक्शा के अंदर और उसके आसपास खून बिखरा हुआ था. उन्होंने कहा कि तब तक घायल व्यक्ति को हिंदू राव अस्पताल में ट्रांसफर कर दिया गया था. डीसीपी ने कहा कि अस्पताल पहुंचने पर टीम को पता चला कि युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है. एमके मीना ने बताया कि अपराध वाली जगह की जांच की गई और एक चश्मदीद का बयान दर्ज किया गया है. उन्होंने आगे कहा कि अपराध स्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर, पुलिस ने दो युवकों की पहचान की और रविवार को उन्हें पकड़ लिया.

Haryana

## अंबाला : अवैध खनन की जांच के लिए जा रहे SDM की हत्या की कोशिश, SUV से पीछा कर रहे थे माफिया

**अंबाला, (एजेंसी)** हरियाणा के अंबाला में अवैध खनन की जांच करने जा रहे एसडीएम की गाड़ी को कुछ संदिग्ध खनन माफियाओं ने जानबूझकर टक्कर मारकर उनकी हत्या की कोशिश की. दरअसल जब नारायणगढ़ उप-विभागीय मजिस्ट्रेट अवैध खनन की जांच के लिए जा रहे थे उसी दौरान ये वारदात हुई.

एक अधिकारी ने बताया कि एसयूवी ने कथित तौर पर एसडीएम की कार का पीछा किया और तेज गति से दो बार वाहन को टक्कर मारने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारी बाल-बाल बच गए. एसयूवी में सवार लोग इसके बाद मौके से भाग गए. पुलिस ने बताया कि यह घटना 27-28 मार्च की रात एक बजे हुई लेकिन इस मामले में एफआईआर अब दर्ज कराई गई है. एसडीएम के सुरक्षा गार्ड की शिकायत पर नारायणगढ़ पुलिस ने 6 अप्रैल को एसयूवी के मालिक और चालक के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने और हत्या के प्रयास सहित आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया. एफआईआर के मुताबिक, एसडीएम यश जालुका, उनके सुरक्षा गार्ड और ड्राइवर समेत तीन अन्य लोग निजी कार से गश्त कर रहे थे, तभी एक एसयूवी ने उनका पीछा करना शुरू कर दिया. शिकायत में कहा गया है कि उन्होंने टोका साहिब गुरुद्वारा के पास एसयूवी को रोकने की कोशिश की, लेकिन एसयूवी में सवार लोगों ने जानबूझकर तेज गति से उनकी कार को टक्कर मारने की कोशिश की और बाद में मौके से भाग गए.

खेल

# यश ठाकुर और क्रुणाल के आगे बेदम दिखे गुजरात के बल्लेबाज, लखनऊ ने लगाई जीत की हैट्रिक

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ सुपरजाएंट्स ने यश ठाकुर के पांच विकेट और क्रुणाल पांड्या के तीन विकेटों की मदद से गुजरात टाइटंस को 33 रनों से हराकर आईपीएल 2024 के इस सीजन में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था और टीम ने मार्कस स्टोइनिस के 43 गेंदों पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 163 रन बनाए थे। जवाब में शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने गुजरात को अच्छी शुरुआत दिलाई थी और दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े थे, लेकिन शुभमन के आउट होने के बाद टीम की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर ढेर हो गई।

लखनऊ सुपरजाएंट्स की टीम इस जीत के साथ अंक



तालिका में छह अंक लेकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि गुजरात टाइटंस की टीम पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ चार अंक लेकर सातवें स्थान पर है। लखनऊ ने इस सीजन अच्छी शुरुआत की है और उसने चार मैचों में से तीन मैचों में सफलता हासिल की है, जबकि एक मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा है।

लखनऊ के 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन से टीम को तेज शुरुआत दिलाई थी। ऋद्धिमान साहा की जगह इस मैच में ओपनिंग के लिए उतरे सुदर्शन ने दूसरा ओवर डालने आए नवीन उल पर दो चौके जड़े और लखनऊ पर दबाव बनाया। इसके बाद चौथा ओवर डालने आए लखनऊ के रफ्तार की नई सनसनी मयंक यादव को इन दोनों बल्लेबाजों ने अपना निशाना बनाया। मयंक ने इस ओवर में 140 किमी प्रति घंटे से अधिक की गेंदबाजी नहीं की और सुदर्शन और गिल ने उनके इस ओवर से तीन बाउंड्री निकाले। लखनऊ ने इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर स्टोइनिस की जगह एम सिद्धार्थ को उतारा। पांचवां ओवर डालने के लिए केएल राहुल ने सिद्धार्थ को भेजा, लेकिन उन्होंने इस ओवर में तीन नो बॉल फेंके। हालांकि गुजरात के बल्लेबाज फ्री हिट का लाभ नहीं उठा सके, लेकिन इस ओवर से 12 ओवर जुटाने में सफल रहे। शुभमन और सुदर्शन ने गुजरात को इतनी अच्छी शुरुआत दिलाई थी कि टीम का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 54 रन था। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी कर ली थी और लग रहा था कि गुजरात आसानी से लक्ष्य प्राप्त कर लेगी, लेकिन पावरप्ले खत्म होने से एक गेंद पहले ही यश ठाकुर ने गिल की गिल्लियां बिखेर दी और गुजरात को पहला झटका दिया।

गुजरात ने अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन यश ने लखनऊ को पहली सफलता दिलाकर टीम का मनोबल बढ़ाने का काम किया। गिल के आउट होने के बाद गुजरात का बल्लेबाजी क्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया और अंत तक संभल नहीं सका।

सिनेमा

## राज कपूर ने गोद में बैठाकर 'मेरा नाम जोकर' की एक्ट्रेस को समझाया था सीन, रंजीत का खुलासा




बॉलीवुड में विलेन के रोल में सबसे ज्यादा पॉपुलर हुए नामों में से एक वेटरन एक्टर रंजीत, अब भी ऑडियंस को याद हैं. अपने दौर के सबसे ज्यादा काम करने वाले कलाकारों में से एक रंजीत ने अब इंडस्ट्री के शोमैन राज कपूर को लेकर बात की है. अपनी फिल्मों में एक्ट्रेसेज को बेहद दिलकश अंदाज में पेश करने वाले राज कपूर पर बात करते हुए रंजीत ने बताया कि महिला कलाकारों के साथ वो कैसे पेश आते थे. राजकपूर के साथ अपनी पहली मुलाकात याद करते हुए रंजीत ने बताया कि कैसे वो उनके ऑफिस में जाने के बाद मंत्रमुग्ध हो गए थे. रंजीत ने बताया कि राज ने अपनी फिल्मों से एक्ट्रेसेज के लाइफ-साइज कटआउट, अपने स्टूडियो में लगा रखे थे. रंजीत ने ये भी बताया कि राज कपूर की पर्सनैलिटी रियल लाइफ में भी वैसी ही थी, जैसी पर्दे पर नजर आती थी. रंजीत ने बताया कि उनकी इस मुलाकात के दौरान, राजकपूर ने उन्हें फिल्म 'मेरा नाम जोकर' से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा सुनाया था. ANI के साथ इंटरव्यू में रंजीत ने बताया, ''मेरा नाम जोकर' थी ना... उसकी हीरोइन. उन्होंने हमें बताया, 'मेरा नाम जोकर की हीरोइन को गोद में बैठाकर सीन समझाया है. वो फ्लर्ट करने के अंदाज में नहीं करते थे. उन्होंने जब एक्ट्रेस को गोद में बैठने को कहा तो उसे 'पुत्तर' बुलाते थे.' राज कपूर के डायरेक्शन में बनी 'मेरा नाम जोकर' की कास्ट में कई बड़े-बड़े नाम थे. खुद राज कपूर के साथ फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी ग्रेवाल, पद्मिनी, मनोज कुमार और धर्मेंद्र जैसे कलाकारों ने काम किया था.'




1. **PM Modi mourns the passing of Saint Shivshankar Chaitanya Bharti**
2. **Amritpal's mother, uncle arrested ahead of planned protest in Punjab**
3. **Youth dies after taking slide at water park in Noida's GIP Mall**
4. **25-year-old man dies after using water slide at Noida mall**
5. **I don't eat beef, it's shameful that rumours are being spread about me: Kangana**
6. **Mangal Pandey: Speaker Narendra Singh Tomar pays tribute**

# Adani Ports share price 2% lower, ₹913-crore equities change hands: What's happening

**NEW DEIHI, (Agency).** Adani Ports share price: Shares of Adani Ports fell 2 per cent today (April 8). This comes after a ₹913-crore deal took place on the exchanges. At 9.48am, shares of Adani Ports and Special Economic Zone were trading at ₹1,349.65 on the NSE. The deal is likely to spike volumes in the counter as one crore shares changed hands on the exchanges so far.

This is much higher than the one-month daily traded average of 35 lakh shares. Moneycontrol reported that around 67 lakh shares- 0.3 percent equity in Adani Ports- changed hands at an average of ₹1,361 per share.

This comes after Adani Ports released its monthly updates reporting its highest-ever monthly cargo volume of 38 million metric



tonnes (MMT) in March. It also said that the company managed a total cargo handling of 420 MMT in FY24, including international ports and registered a 24 percent year-on-year rise.

Brokerage firms on Adani Ports

Citi revised its target price for the stock putting it at ₹1,758 as against previous ₹1,564. This indicated a potential upside of about 27.8 per cent as the brokerage firm remained optimistic about Adani Ports' upcoming quarterly earnings.

Morgan Stanley also pushed its 'overweight' rating on the stock with a target price of ₹1,576 as it citing volume growth for the past fiscal year surpassing expectations as eight out of ten Adani ports reported double-digit growth.

# Bharti Hexacom IPO allotment to be finalised today: How to check status, latest GMP

**NEW DEIHI, (Agency).** Bharti Hexacom IPO allotment: The share allotment for Bharti Hexacom IPO share allotment will be finalised today (April 8). Those who have applied for the Bharti Hexacom IPO can check the allotment status in the registrar's portal-Kfin Technologies Ltd. The IPO for the Bharti Airtel subsidiary company opened for subscription on April 3 and closed on April 5. On the third day, Bharti Hexacom IPO subscription status was 29.88 times as there were 2.83 subscriptions for retail component, 48.57 subscriptions for the Qualified Institutional Buyers (QIBs) and 10.52 subscriptions for the non-institutional investors.

The company will begin the refund process for those who have not been allotted the shares on April 10. For the ones




allocated the shares, they will be credited to demat accounts on the same day.

Bharti Hexacom IPO: How to check allotment status on Kfin Technologies Ltd

Here's how you can check Bharti Hexacom IPO allotment status on the website of Kfin Technologies Ltd.

After this, you will see five links where you can view the status.

Choose Bharti Hexacom IPO from the drop-down menu in the "Select IPO" section and select either PAN, Demat Account or Application No.

Fill details and click on 'Submit'.

Bharti Hexacom IPO: How to check allotment status on BSE

Visit the BSE official website's allotment page.

Choose 'Equity' under 'Issue Type' and select 'Issue Name' to choose the IPO.

Enter your application number or PAN.

Bharti Hexacom IPO: How to check allotment status on NSE

Visit NSE's official website and register with PAN after clicking on the 'Click here to sign up' option. Enter the password, user name and captcha code.

You will then be able to see the IPO allocation status.

# स्कार्पियो रोकी तो पूर्व मंत्री के नाम से दिखाया रौब

## पुलिस ने 3 हजार का बनाया चालान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेज रफ्तार से सिग्नल पार कर रहे युवक की स्कॉर्पियो को एएसआई ने रोका तो उसने खुद को पूर्व मंत्री जयवर्द्धन सिंह का नजदीकी बताते हुए रौब झाड़ने की कोशिश की। इन युवकों में शराब भी पी रखी थी। आखिरकार एएसआई ने उन्हें सबक सिखाया। ट्रैफिक थाने ले जाकर 3 हजार रु. का चालान बना दिया। एक शख्स ने बहस के घटनाक्रम का वीडियो बनाया है।**

मामला शिवाजी स्टेच्यू चौराहा का है। यहां एएसआई नरेंद्रसिंह चतुर्वेदी सहित अन्य पुलिसकर्मी पाइंट पर खड़े थे। तभी गीता भवन से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के ड्राइवर ने रेड सिग्नल क्रॉस करने की कोशिश की। एएसआई सहित पुलिसकर्मियों ने उसे रोका लेकिन तब तक उसने सिग्नल क्रॉस कर दिया। गाड़ी में तीन युवक थे।

इस दौरान उसने खुद का नाम आकाश निनवाली बलिया का बताया। उसने एएसआई को कहा कि वीरों की धरती, जवानों का देश बागी बलिया उत्तर प्रदेश बताकर प्रभाव जमाने की कोशिश की। बार-बार उसने कहा मैं नशे में नहीं हूं। आप लोग मेरा वीडियो बना लीजिए। गाड़ी में सवार दो युवकों ने कहा कि वे ग्वालियर के रहने वाले हैं और अभी भोपाल से आए हैं। एएसआई चतुर्वेदी ने बताया कि स्कॉर्पियो के ड्राइवर ने रेड सिग्नल में गाडी क्रॉस की। उसे सिटी बजाकर रोका तो उसने हम पर गाड़ी चढ़ाने की नीयत जैसा व्यवहार किया। फिर उन्हें ट्रैफिक थाने ले जाया गया। वहां तीनों युवकों ने अपने व्यवहार पर काफी अफसोस जताया और माफी मांगी। ड्राइवर द्वारा रेड सिग्नल का उल्लंघन करने, लाइसेंस नहीं होने और पीयूसी कार्ड नहीं होने पर 3 हजार रु. का चालान बनाया गया है।

# आईपीएल के सटोरिए पकड़ाए

## पांच आरोपियों से मोबाइल और अन्य गैजेट्स जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस ने रविवार रात कार्रवाई करते हुए आईपीएल का सट्टा पकड़ा है। आरोपियों से मोबाइल और अन्य गैजेट्स जब्त हुए हैं। लसूडिया टीआई तारेश सोनी की टीम ने महालक्ष्मी नगर के मां शारदा लिविंग होम्स में कार्रवाई करते हुए शक्ति पिता महेश धाकड़, पंकज उर्फ प्रियांश पिता ग्यारसीलाल शिवहरे, हेमंत पिता दिलीप तिवारी, अंबे पिता तारासिंह धाकड़ और वीरेन्द्र पिता तारासिंह राजपूत को पकड़ा है। आरोपी गुजरात टाईटन्स और लखनऊ सुपर जांइट्स की टीम के बीच कस्टमर से बुकिंग ले रहे थे। आरोपियों के पास से मोबाइल और अन्य गैजेट्स भी जब्त हुए हैं। आरोपी फर्जी सिम से यहां काम कर रहे थे। टीआई के मुताबकि पकड़ाए आरोपी शिवपुरी ओर नरसिंहपुर के रहने वाले है। आरोपी यहां किराये से रूम लेकर सट्टा संचालित कर रहे थे। आरोपियों के पास से एलईडी,लाखो का हिसाब किताब ओर फर्जी सिम मिली है। उन पर धोखाधड़ी के साथ अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने वन एक्सनेट लिंक नाम की बेवसाइड पर सबको आईडी देते थे। इसी पर ही वह सट्टे की बुकिंग करते थे। वही ऑनलाइन रूपये का ट्राजेक्शन करते थे। हालाकि पुलिस ने जब इन्हें पकड़ा तो उनकी लिंक क्रेश हो चुकी थी। फिलहाल पुलिस इस मामले में सायबर की टीम की मदद लेगी।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के मकान तोड़ने पर हंगामा

## रहवासियों ने कांग्रेस के साथ मिलकर किया विरोध

### रिमूवल टीम को हंगामा बढ़ता वापस लौटना पड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमओजी लाइन में अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासन और नगर निगम की कार्रवाई के विरोध में सोमवार सुबह जमकर हंगामा किया। लोग जेसीबी के आगे खड़े हो गए।**

लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी अक्षय बम, युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष तत्सम भट्ट सहित कई कांग्रेस नेता भी वहां पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध किया। अक्षय बम इस दौरान जेसीबी पर चढ़ गए। रहवासियों ने भाजपा पार्षद भारत रघुवंशी का भी कार्रवाई के दौरान भारी विरोध किया।

गौरतलब है कि प्रशासन ने तीन दिन पहले इलाके के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नोटिस जारी कर दो दिन में जगह खाली करने के लिए कहा था। इसके बाद ही अमला आज कार्रवाई के लिए पहुंचा था। उल्लेखनीय है कि सालों पहले स्वतंत्रता सेनानियों को यहां पर प्लाट अलाट किए गए थे। हंगामा बढ़ता देख प्रशासन की टीम फिलहाल कार्रवाई स्थल से लौट गई है। प्रशासन ने कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय कांति बम व अन्य पर प्रशासन की कार्रवाई में बाधा डालने पर प्रकरण दर्ज किया है। इनकी गिरफ्तारी संभव है।

# घर में मिला जिलाबदर बदमाश, बाहर लगा था ताला

इंदौर। पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश को पकड़ा है। कुछ समय पहले उसे जिला बदर किया गया था। आरोपी पुलिस को झांसा देने के लिए घर के बाहर ताला लगा देता था और अंदर रह रहा था। तेजाजी नगर थाने के प्रभारी करण दीप सिंह आईपीएस के अनुसार पकड़े गए बदमाश का नाम धर्मेंद्र पिता भेरुलाल तंवर निवासी ग्राम कैलोद करताल है। बदमाश के खिलाफ 18 मुकदमे पहले से ही दर्ज है। पिछले साल ही उसे जिला बदर किया गया था। हाल ही में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर पर ही रह रहा है। पुलिस को झांसा देने के लिए घर के बाहर ताला लगा कर रखता है, पीछे की खिड़की से आना-जाना करता है। पुलिस जब उसके घर पहुंची तो आगे ताला मिला पुलिस पीछे की खिड़की से ही घर में घुसी तो वह घर में ही सोता हुआ मिल गया। आरोपी को पुलिस ने पकड़ा है उसका एक स्थाई वारंट भी मिला है, उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

# होटल के कमरे में मिला शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूडिया इलाके में एक होटल में युवक का शव पड़ा मिला। सूचना के बाद यहां पुलिस मौके पर पहुंची है। पुलिस के मुताबिक सुरेश (47) गोकुल निवासी सोमनाथ की जूनी चाल बताया गया है। वह होटल ला फ्लोरा में रूका हुआ था। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक तौर पर मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, खजराना में भी मोहम्मद अकरम(32)पुत्र मोहम्मद सरदार मेव निवासी अशरफी नगर ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये देर रात एमवाय पहुंचाया है।

# घर से नाराज होकर निकली बच्ची को समझाइश देने वाली छात्रा का सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक नाबालिग बच्ची घर वालों से नाराज होकर घर छोड़कर चली गई। उस बच्ची की तलाश में एक छात्रा ने पुलिस की खासी मदद की। अब मदद करने वाली छात्रा को डीसीपी ने सम्मानित किया है। मामला झोन टू का है। डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा के अनुसार दो दिन पहले सूचना मिली थी कि एमआईजी क्षेत्र में रहने वाली एक बच्ची घर वालों से नाराज होकर घर छोड़कर चली गई है। दरअसल वह मोबाइल चला रही थी घर वालों ने उसे डांट दिया था, इसी बात से वह गुस्सा हो गई थी। बच्ची के साथ अनहोनी का डर पुलिस और परिवार दोनों को था। तुरंत ही बच्ची को तलाशना शुरू किया, एमआईजी पुलिस जब बच्ची को तलाश रही थी तो छात्रा रानू धनगर ने बच्ची के बारे में अहम सुराग पुलिस को दिया इतना ही नहीं उस बच्ची को समझाइश देने में भी रानू ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उसकी मेहनत के चलते नाराज बच्ची वापस सब कुशल घर लौट आई। रानू को प्रोत्साहित करने के लिए डीसीपी ने उसे अपने ऑफिस में बुलाकर प्रशस्ति पत्र दिया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक